पंजाब केसरी 06/01/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में ए.आई. कोर्स शुरू

अम्बाला, 5 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के तहत ए.आई. कोर्स का शुभारम्भ गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट ने टैलीकॉम सैक्टर स्किल काउंसिल तथा फोकल स्किल डिवैल्पमैंट प्रा. लि. फोकालाइट के सहयोग से अपने परिसर में प्रतिष्ठित सैमसंग इनोवेशन कैम्पस, एस.आई.सी. प्रोजैक्ट के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस, ए.आई. कोर्स की शुरुआत की है। यह कोर्स 5 जनवरी से आरम्भ हुआ है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-आधारित ए.आई. स्किल्स से लैस करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को लाइव प्रोजैक्ट्स पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और उनकी प्रैक्टिकल क्षमता में वृद्धि होगी।

कोर्स के प्रथम दिन एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को कोर्स की संरचना, उद्देश्य और सीखने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस की आधिकारिक टीम से सचिन मिश्रा और जैसवीर कौर ने विद्यार्थियों को लर्निंग किट वितरित किए।

कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान के सह-प्राध्यापक डा. एस.एस. नैन ने विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता और भविष्य उपयोगी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की संयोजक डा. प्रबलीन कौर, डीन फैकल्टी ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा श्याम रहेजा, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमैंट ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें इस सीखने के अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज की एम.बी.ए. विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान तथा सहायक प्रो. कमलप्रीत कौर तथा डा. गीता कौशिक भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व अन्य। (चंद्रमोहन)